हिंदी प्रकोष्ठ
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज -211004 (भारत)

Hindi Cell
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Prayagraj - 211004 (India)

# कार्यवृत

**विषय : मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की दिनांक 21 मार्च, 2023 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति व हिंदी सलाहकार समिति की वर्ष 2022-23 की चतुर्थ तिमाही की संयुक्त बैठक दिनांक 21.3.2023 दोपहर 12.00 बजे, प्रो.लक्ष्मीकान्त मिश्र, निदेशक(कार्य.), मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद, प्रयागराज की अध्यक्षता में संस्थान के सभागार में आयोजित की गई।

**उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:-**

1. प्रो.लक्ष्मीकान्त मिश्र, निदेशक(कार्यवाहक) एवं अधिष्ठाता (शैक्षणिक) - अध्यक्ष
2. प्रो. नीरज त्यागी, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग - उपाध्यक्ष
3. प्रो. मनोज माधव गोरे, अधिष्ठाता (संकाय कल्याण) - सदस्य
4. प्रो. गीतिका, अधिष्ठाता, (संसाधन जनन अंतर्राष्ट्रीय मामले) - सदस्य
5. प्रो.पाल्सन सैमुअल, अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) - सदस्य
6. प्रो. धर्मेन्द्र कुमार यादव, विभागाध्यक्ष, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग - सदस्य
7. प्रो. राजेश गुप्ता, विभागाध्यक्ष, विद्युत अभियांत्रिकी विभाग - सदस्य
8. डा. गोरख नाथ, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग - सदस्य
9. डा.संगीता नेगी, विभागाध्यक्ष, जैव प्रौद्योगिकी विभाग - सदस्य
10. डा. नरेश कुमार, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग - सदस्य
11. डा.विभूति त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष, प्रबंध अध्ययन विभाग - सदस्य
12. डा. अभिषेक कुमार, विभागाध्यक्ष, प्रयुक्त यांत्रिकी विभाग - सदस्य
13. डा. रवीन्द्र त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग - सदस्य
14. डा. मिराज आलम, सह-आचार्य, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग -नामित सदस्य
15. डा. रमा शंकर, सह-आचार्य, जानपद अभियांत्रिकी विभाग -नामित सदस्य
16. श्री विवेकानन्द, सहायक कुलसचिव, अधिष्ठाता (शोध एवं परामर्श) -नामित सदस्य
17. डा. रमेश पाण्डेय, कुलसचिव - सदस्य सचिव

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों के स्वागत उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्न महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1: पिछली बैठक दिनांक 20 दिसम्बर, 2022 के कार्यवृत्त की पुष्टि :-**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 20 दिसम्बर, 2022 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त अपेक्षित कार्रवाई के लिए समिति के समस्त सदस्यों के मध्य प्रसारित किया गया था। किसी भी सदस्य से कार्यवृत्त के संबंध में कोई टिप्पणी अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्व सम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**मद सं. 2: संस्थान के विभिन्न विभागों में पिछली तिमाही के दौरान हिंदी में किए कार्यों की समीक्षा :-**

अध्यक्ष महोदय के निदेशानुसार, संस्थान की पिछली तिमाही के दौरान हिंदी में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए हिंदी अधिकारी ने बताया कि हिंदी क्षेत्र में स्थित सभी केन्द्रीय कार्यालयों को 100% पत्राचार हिंदी में करना अनिवार्य है। इस संबंध में समिति को अवगत कराया गया कि संस्थान के 12 कार्यालय 100% पत्राचार हिंदी में कर रहे हैं जबकि 11 कार्यालय 90-99% तक कार्य हिंदी में तथा 05 कार्यालय 85-89% तक पत्राचार हिंदी में कर रहे हैं। जिन कार्यालयों में शत प्रतिशत अथवा 90% से अधिक कार्य हिंदी में हो रहा है उनकी प्रशंसा की गई। शेष सभी कार्यालयों से अनुरोध किया गया कि वे अपने विभाग/कार्यालय में हिंदी पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाए ताकि यथाशीघ्र राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

बैठक में मुख्य रूप से निम्नलिखित निर्णय लिए गए :-

❖ अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली छोटी-छोटी टिप्पणियों का मानक स्वरूप तैयार कर सभी विभागों/कार्यालयों को उपलब्ध कराया जाए। इसप्रकार संस्थान के सभी विभागों एवं हिंदी अधिकारी के परस्पर सहयोग और सामंजस्य से हिंदी में कार्य सरल एवं सहज हो जायेगा।

❖ अध्यक्ष महोदय व समिति के सदस्यों द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि सभी विभागों/अनुभागों को **प्रशासनिक शब्दावली** की प्रति उपलब्ध करायी जाए जिससे कार्यालयी कार्य करना सरल होगा।

❖ समिति के सदस्यों से विचार-विमर्श के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि 01 अप्रैल 2023 से समस्त विभाग/अनुभाग/प्रकोष्ठ अपने कार्यालय में प्रयोग में आने वाली सभी रजिस्टरों में शीर्षक द्विभाषी रूप में लिखें तथा उनमें सभी प्रविष्टियां हिंदी में करना सुनिश्चित करें।

❖ समिति में यह भी निर्णय लिया गया कि हिंदी बैठक उपस्थिति पंजिका में माननीय सदस्यों का केवल पदनाम/विभाग ही लिखा जाए।

**मद सं. 3: दिनांक 03.01.2023 को संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप-समिति द्वारा संस्थान के राजभाषा विषयक निरीक्षण के प्रेक्षणों पर चर्चा :-**

बैठक में समस्त सदस्यों को सूचित किया गया कि संस्थान की संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप-समिति द्वारा दिनांक 03.01.2023 को निरीक्षण किया गया। संसदीय राजभाषा समिति के प्रेक्षणों पर समुचित कार्यवाही के लिए सभी विभागों/कार्यालयों को पत्रांक 113/मो.ने.रा.प्रौ.सं./हिंदी प्रकोष्ठ/2022-23/2526 दिनांक 13.02.2023, प्रेषित किया गया। बैठक में संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण आख्या पर विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए उनके प्रेक्षणों के अक्षरशः अनुपालन का निर्णय लिया गया।

**मद सं. 4: आगामी तिमाही में हिंदी कार्यशाला आयोजित करने हेतु विभाग का चयन:-**

वर्तमान तिमाही के दौरान विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा दिनांक 23.03.2023 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन प्रस्तावित है। समिति ने यह भी निर्णय लिया कि **आगामी तिमाही (अप्रैल - जून 2023)** के दौरान हिंदी कार्यशाला का आयोजन **सूक्ष्मकणिका एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग** द्वारा कराया जाए।

**मद सं. 5: अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय :-**

संस्थान के कुलसचिव महोदय ने भी हिंदी पत्राचार में वृद्धि तथा राजभाषा संबंधी प्रावधानों को समुचित ढंग से लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया।

अंततः समिति के अध्यक्ष महोदय ने आशीर्वचन स्वरूप पूरे मनोयोग से हिंदी का कार्य बढ़ाने एवं संस्थान में राजभाषा को सच्चे अर्थों में प्रतिष्ठित करने की बात रखी। आपने शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में करने वाले कार्यालयों को बधाई दी तथा अन्य कार्यालयों से भी लक्ष्य प्राप्त करने की अपेक्षा व्यक्त की।

बैठक की पूर्णता के क्रम में अध्यक्ष महोदय एवं संस्थान के सभी गणमान्य सदस्यों के प्रति धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

रमेश पाण्डेय
24/03/23

(रमेश पाण्डेय)
कुलसचिव एवं सदस्य सचिव

लक्ष्मीकान्त
24/03/2023

(लक्ष्मीकान्त मिश्र)
निदेशक(कार्यवाहक) एवं अध्यक्ष